प्रसार भारती
आकाशवाणी शिमला

03.03.2025 **15.00 बजे**

वन्यजीव दिवस

आज विश्व वन्यजीव दिवस मनाया जा रहा है। यह दिन जंगली जानवरों और पौधों के संरक्षण के लिए मनाया जाता है। केंद्र सरकार ने देश में वन्यजीव संरक्षण के लिए कई पहल की हैं। पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय ने इस प्राकृतिक विरासत को संरक्षित करने के उद्देश्य से कई नीतियों, विधायी उपायों और पहलों की एक व्यापक रूपरेखा बनाई है। इस बीच प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विश्व वन्यजीव संरक्षण दिवस के अवसर पर गुजरात के सासन गिर में राष्ट्रीय वन्यजीव बोर्ड की सातवीं बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में पर्यावरण मंत्री भूपेन्द्र यादव, विभिन्न राज्यों के सदस्य, इस क्षेत्र में काम करने वाले गैर सरकारी संगठनों के प्रतिनिधि, मुख्य वन्यजीव वार्डन और सचिवों ने भाग लिया। बोर्ड की बैठक में वन्यजीव संरक्षण व प्रबंधन से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई। यह बोर्ड वन्यजीवों और वनों के संरक्षण और विकास को बढ़ावा देने के लिए काम करता है और प्रधानमंत्री इसके अध्यक्ष हैं।

उद्योग मंत्री

उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान ने कहा है कि ग्रामीण क्षेत्रों में सरकारी स्कूलों के विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि इस उद्देश्य की पूर्ति के लिए प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में चरणबद्ध तरीके से राजीव गांधी डे–बोर्डिंग स्कूल खोले जा रहे हैं। नाहन में राज्यस्तरीय सांस्कृतिक सम्मेलन के समापन अवसर पर उद्योग मंत्री ने कहा कि प्रदेश के छात्रों में सीखने का स्तर सबसे अधिक है और शिक्षा के क्षेत्र में आधुनिक समय की मांग के अनुसार सुधार किए जा रहे हैं। सांस्कृतिक सम्मेलन में 3 सौ 50 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया।

एचआरटी यूनियन

प्रदेश के पथ परिवहन निगम के चालक–परिचालक संघ ने आज अपनी विभिन्न मांगों को लेकर शिमला में निगम के प्रबंध निदेशक के साथ बातचीत की। चालक–परिचालक संघ के अध्यक्ष मानसिंह ठाकुर ने कहा है कि निगम प्रबंधन के साथ हुई बातचीत का कोई निष्कर्ष नहीं निकला है। उन्होंने कहा कि चालक परिचालकों की वित्तीय देनदारियों का जल्द भुगतान नहीं किया गया तो 6 मार्च के बाद आंदोलन तेज किया जाएगा।

मौसम

प्रदेश में बीते दिनों ऊंचाई वाले इलाकों में हुए हिमपात और अन्य क्षेत्रों में व्यापक वर्षा के कारण हुए भू–स्खलन के चलते कई स्थानों पर अभी भी बिजली, पानी व सड़क सुविधा पूर्ण रूप से सुचारू नहीं

हो पाई है। हालांकि इन व्यवस्थाओं को दुरूस्त करने का प्रयास लगातार जारी है। लाहौल के जोबरंग के फाड़ी नाले में हिमस्खलन से चिनाब नदी का बहाव रूक गया है जिससे जोबरंग पंचायत के तीन गांवों को जोड़ने वाले चिनाब नदी के ऊपर बने पुल को क्षति पहुंचने का खतरा बढ़ गया है। उधर चंबा जिला की जनजातीय पांगी घाटी को जोड़ने वाले सभी मार्ग बंद है जिस कारण लोगों को मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। घाटी के साच हैलीपैड से एक मरीज को हैलीकॉप्टर के माध्यम से मनाली के लिए एयरलिफ्ट किया गया। उपायुक्त मुकेश रेपसवाल ने बताया कि प्रशासन द्वारा बारिश व बर्फबारी से प्रभावित क्षेत्रों में सड़क, बिजली और पेयजल आपूर्ति को बहाल करने का कार्य युद्ध स्तर पर किया जा रहा है। इस बीच प्रदेश के उंचाई वाले क्षेत्रों में आज फिर से हल्का हिमपात जबकि अन्य क्षेत्रों में कहीं–कहीं हल्की वर्षा हो रही है।

परीक्षा स्थगित

चंबा जिला के जनजातीय क्षेत्र पांगी में भारी बर्फबारी के चलते प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड की कल 4 मार्च को होने वाली वार्षिक परीक्षाएं स्थगित कर दी गई हैं। उपायुक्त मुकेश रेपसवाल ने बताया कि भारी बारिश व बर्फबारी के कारण पांगी में स्कूल शिक्षा बोर्ड के प्रश्नपत्र नहीं पहुंच सके। ऐसे में आठ मार्च तक होने वाली तीनों परीक्षाओं को स्थगित कर दिया है। उन्होंने कहा कि मौसम अनुकूल होते ही प्रश्न पत्रों को पांगी के परीक्षा केंद्रों तक पहुंचाने के प्रयास किए जाएंगे ताकि बच्चे परीक्षा दे सकें।

जागरूकता

सोलन जिला रेडक्रॉस सोसाइटी द्वारा सोलन में नशे पर एक जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस दौरान बच्चों को नशे के दुष्प्रभाव के बारे में जानकारी दी गई और उनसे नशे से दूर रहने का आग्रह किया गया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर अमित रंजन ने कार्यशाला में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की।